दिनांकः 12.11.2026 समय: 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत कृषि सम्मेलन-2026 को संबोधित करेंगे।
- प्रदेश में एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप आज प्रकाशित किया जाएगा।
- नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जयपुर को स्वच्छतम शहर का पुरस्कार मिलने पर इसे राज्य सरकार के सतत प्रयासों का प्रतिफल बताया।
- राज्य में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट से सर्दी के असर में मामूली बढ़ोतरी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत कृषि सम्मेलन-2026 को संबोधित करेंगे। भारत मंडपम में होने वाले दो दिन के इस सम्मेलन में देशभर से करीब दो हजार किसान, नीति निर्माता, राजनयिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक भाग लेंगे। सम्मेलन में लगभग 20 प्रगतिशील किसान और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति अपने नवाचारों और संघर्ष की कहानियां साझा करेंगे। सम्मेलन में किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक और एआई के इस्तेमाल से खेती के संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने, जलवायु अनुकूल फसलें विकसित करने और भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युगे युगीन भारत संग्रहालय नई दिल्ली को सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय होगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संग्रहालय में विश्वस्तरीय दीर्घाओं और आधुनिक अनुभवों के माध्यम से भारत की हजारों वर्षों की विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कल नई दिल्ली के नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर में युगे युगीन भारत संग्रहालय के विकास को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि संग्रहालय में आधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजिटल अनुभव और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शन की व्यवस्था की जाएगी।

000

प्रदेश में एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप आज प्रकाशित किया जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा। इसके लिए 11 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा सकेंगी। इनका निस्तारण 28 दिसम्बर को होगा और अगले साल 4 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया होगा।

एसआईआर के तहत पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के साथ ही अगले साल 1 अप्रेल, 14 जुलाई और 1 अक्टूबर को बीएलओ के माध्यम से अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किये जाएंगे।

000

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिन हर साल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन की याद में मनाया जाता है। प्रसारण के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण दिन है। 1947 में इसी दिन महात्मा गांधी ने नई दिल्ली स्थित ब्रॉडकास्टिंग हाउस का अपना पहला और एकमात्र दौरा किया था। बापू ने कुरुक्षेत्र में रह रहे उन लोगों को एक विशेष प्रसारण के जरिए संबोधित किया था, जो बंटवारे के दौरान विस्थापित हो गए थे और गहरे दुख में थे।

000

नगरीय विकास और आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में जयपुर को राजस्थान के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रतिफल है। स्वच्छता, बेहतर कचरा प्रबंधन, जल प्रबंधन और नागरिक सहभागिता को लेकर जयपुर में किए जा रहे प्रयासों को इस सम्मान से राष्ट्रीय पहचान मिली है। श्री खर्रा ने जनभागीदारी की भावना के साथ स्वच्छता को अपनी जीवनशैली बनाने और जयपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में देश के अग्रणी शहरों में स्थापित करने का सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। गौरतलब है कि कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

000

केन्द्र सरकार ने वीजा व्यवस्था को सरल बनाते हुए मुख्य वीजा श्रेणियों की संख्या 13 से घटाकर 9 और उप-श्रेणियों की संख्या 49 से घटाकर 23 कर दी है। गृह मंत्रालय ने बताया कि इसका उद्देश्य विदेशी पर्यटकों, चिकित्सा उपचार के लिए भारत आने वाले मरीजों और विदेशी विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाना है। इससे पहले, पिछले वर्ष अक्टूबर में भी वीजा व्यवस्था को सरल बनाया गया था। मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष के अंत तक नई व्यवस्था के अनुसार वीजा जारी किए जाएंगे।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इससे सुबह और रात के समय मामूली सर्दी का असर महसूस होने लगा है। हालांकि दिन का तापमान अभी भी 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। वहीं रात का पारा 12 से 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सीकर की रात 10 दशमलव 9 डिग्री के साथ सबसे सर्द रही।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 16 नवम्बर से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

000

जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आज से राष्ट्रीय आॅल एज ग्रुप एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा है। 16 नवम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ये प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, यूथ और सीनियर वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है।

उधर, बीकानेर में आज से 42वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप की शुरूआत हो रही है। तीन दिन की इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से सीनियर पुरुष वर्ग के प्रतिभाशाली मुक्केबाज अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

000

पुरुष अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट में, आज ओमान में खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत का सामना अफगानिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा। भारत ने यूएई को 70 रनों से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की है। वहीं पहले सेमीफाइनल में आज पाकिस्तान का मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

000

जनजातीय मामलात मंत्रालय की ओर से आज से नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजित किया जाएगा। इंडिया हैबिटेट सेंटर में होने वाला दो दिन का ये महोत्सव जनजातीय गौरव दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों का एक हिस्सा है। इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की समृद्ध और विविध जनजातीय साहित्यिक परंपराओं का जश्न मनाना, स्वदेशी भाषाओं और मौखिक कथाओं को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह महोत्सव जनजातीय लेखकों को राष्ट्रीय मंच प्रदान भी करेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी।

000